दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड मरीजों की सुविधा के लिए सिंधी समाज ने दिए पंखे



**रायगढ़ ।** कोरोना संकट बीच तेजी से मरीजों के उपचार के लिए सभी सुविधाएं जुटाना भी अपने आप में चुनौती है। अप्रेल के माह में जब तेज गर्मी पड़ रही है ऐसे में कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों को गर्मी से निजात मिले इसके लिए बड़ी संख्या में कूलर पंखों की भी जरूरत पड़ रही है। इसी कड़ी में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को गर्मी से राहत मिले इसके सिंधी समाज ने आगे आकर पंखे दान किये हैं। सिंधी समाज के द्वारा 4 पेडस्टल पंखें प्रदान किये गए है। जिसका उपयोग कोविड वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए किया जाएगा। कोविड अस्पताल की व्यवस्था देख रहे संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता जिनकी पहल से सिंधी समाज ने ये पंखे प्रदान किये हैं, उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से सिंधी समाज का बहुत आभार जताया है। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विमल भगत भी उपस्थित थे।

### 19 अप्रैल को नियत समस्त प्रकरण की सुनवाई अब होगी 7 जून को

**रायगढ़ ।** न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ द्वारा समस्त पक्षकार एवं अधिवक्तागण को सूचित किया जाता है कि कोरोना वायरस (कोविड-19)संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु 14 से 22 अप्रैल 2021 तक के लिये रायगढ़ जिले के संपूर्ण सीमाक्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ में 19 अप्रैल 2021 को नियत समस्त प्रकरणों (आदेश हेतु नियत प्रकरणों को छोड़कर)की सुनवाई आगामी पेशी 7 जून 2021 के लिये नियत किया गया है।

### सहायक परियोजना अधिकारी के संविदा एक पद हेतु 3 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिला पंचायत रायगढ़ में सहायक परियोजना अधिकारी के संविदा एक पद हेतु पूर्व में 27 अप्रैल 2021 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसमें संशोधन करते हुये अब 3 मई 2021 तक किया गया है। इच्छुक आवेदक 3 मई 2021 शाम 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, रायगढ़ में प्रेषित कर सकते है अथवा ई-मेल aponre-garaigarhrecruitment@gmail.com के माध्यम से आवेदन व समस्त प्रमाण-पत्र स्पष्ट स्केनर से स्कैन कर आवेदन प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उक्त पद की विस्तृत जानकारी एवं वेतनमान, भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा-निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल पर एवं रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में देखी जा सकती है।

### जरूरतमंद लगातार कर रहे पुलिस हेल्प डेस्क में कॉल और व्हाटसअप

**रायगढ़।** लॉकडाउन में जरूरतमंदों को भोजन सहित अन्य जीवनोपयोगी वस्तुएं उपलब्ध कराने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर बनाए गए पुलिस हेल्प डेस्क में लगातार जरूरतमंदों द्वारा कॉल कर मदद ली जा रही है। साथ ही पुलिस हेल्प डेस्क में मदद के लिए शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ, समाजसेवी, फैक्ट्री प्रबंधन व महिला समूह के सदस्य सामने आए हैं। पुलिस हेल्प डेस्क के नोडल अधिकारी डीएसपी सतीश भार्गव ने बताए कि एसपी संतोष सिंह द्वारा जवानों की एक टीम हेल्प डेस्क को उपलब्ध करायें हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिये हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर 94 79193208 में लगातार कॉल प्राप्त हो रहे हैं। पुलिस हेल्प डेस्क में सहयोगकर्ता द्वारा प्रदाय किये गये ड्राय राशन के रखने की व्यवस्था के लिये पुलिस कन्ट्रोल रूम के कमरे को उपयोग में लिया जा रहा है। जरूरतमंदों के कॉल पर उन्हें आवश्यकतानुसार ड्राई राशन व फूड पैकेट उनके निवास स्थान पर जाकर वितरण किये जा रहें हैं। लगातार आ रहे कॉल को देखते हुये थाना, चौकी स्टाफ को कन्ट्रोल रूम बुलाकर उन्हें वितरण के लिये सामाग्री दी जा रही है, जिनके द्वारा भी जरूरतमंदों को फूड पैकेट, ड्राई राशन का वितरण किया जा रहा है। पुलिस हेल्प डेस्क में 5 ऐसे समाजसेवी जुड़े हैं, जिनके द्वारा जरूरतमंदों के लिए दोनों वक्त पका हुआ भोजन की व्यवस्था की गई है।

# चोंढ़ा में 200 बेड का कोविड अस्पताल बनकर है तैयार

## कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण कर ऑक्सीजन सिलेंडर सहित जरूरी संसाधन व्यवस्थित करने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** खरसिया से 5 किलोमीटर दूर चोंढ़ा में कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए 200 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण कर यहां ऑक्सीजन सिलेंडर सहित जरूरी संसाधनों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी इस दौरान साथ रहे।

चोंढ़ा में हाल ही में आदिवासी बालक छात्रावास बनकर तैयार हुआ है। हॉस्टल के भूतल और प्रथम तल में 2 हॉल सहित 15 से ज्यादा कमरे हैं। वर्तमान में कोरोना वायरस संक्रमित की संख्या बढ़ने और उन्हें इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर सिंह ने बालक छात्रावास को कोविड अस्पताल बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए थे। नवनिर्मित कोविड अस्पताल तैयार होने पर उन्होंने कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने भूतल के हाल और कमरों का निरीक्षण करने के साथ प्रथम तल के हॉल और कमरों का निरीक्षण किया। हॉस्टल में हॉल के अलावा भूतल में एक बड़ा किचन भी है। इसी तरह कमरों की साइज और हॉल के साइज को देखते हुए यहां 200 बेड का अस्पताल बनाया जा सकता है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऊपर और नीचे हॉस्टल में किचन के साथ कमरे होने के कारण या कोविड अस्पताल के लिए पर्याप्त सुविधा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में प्रथम तल के हाल और कमरों में मरीजों के लिए 100 बेड लगा दिया गया है। कलेक्टर सिंह ने ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाइयां सहित मरीजों के इलाज के लिए जरूरी संसाधन अस्पताल में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि खरसिया क्षेत्र से कोविड संक्रमित मिलने पर उन्हें यही एडमिट कर इलाज किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने 100 बेड के साथ इलाज मरीजों का इलाज शुरू करने और 100 बेड अतिरिक्त रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। अधिकारियों ने बताया कि परिसर में ही कुछ दूरी पर नवनिर्मित स्टाफ क्वार्टर भी बनकर तैयार है। जिससे कोविड हॉस्पिटल में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल स्टाफ को यहीं रह कर ड्यूटी करने में आसानी होगी। इस पर कलेक्टर सिंह ने अस्पताल में जरूरी संसाधन को सूचीबद्ध करते हुए अस्पताल शुरू करने के निर्देश दिए।

**इलाज के साथ सफाई व्यवस्था का रखें विशेष ख्याल**

कलेक्टर भीम सिंह ने चपले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने सबसे पहले अस्पताल में कोरोना वैक्सीनेशन की जानकारी ली। मेडिकल स्टाफ ने बताया कि मितानिनों द्वारा आसपास के ग्राम पंचायत के लोगों को जागरूक कर ग्रामीणों को वैक्सीनेशन कराने लाया जा रहा है। यहां वैक्सीनेशन के साथ लोगों को टीके का दूसरा डोज भी समय पर लगवाने संबंधी जानकारी दी जा रही है। इस पर कलेक्टर सिंह ने टीका लगवाने वालों का नाम सूचीबद्ध करने और व्यवस्थित तरीके से दूसरा डोज ग्रामीणों को लगाने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया। पीएनसी वार्ड में भर्ती मरीज से कलेक्टर सिंह ने समय पर भोजन मिलने, बाथरूम की सफाई और पानी संबंधित चर्चा की। इस पर मरीज ने अस्पताल की व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को इलाज सुविधा के साथ अस्पतालों परिसर की सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## मार्निंग वॉक पर निकले लोगों को प्रभारियों ने कराई कसरत

**» पिछले तीन दिनों में 852 लोगों पर हुई बिना मास्क की कार्रवाई » 237 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना, लॉकडाउन के उल्लंघन पर 23 पर दर्ज एफआईआर**

**रायगढ़ ।** पिछले तीन दिनों से लगातार लॉकडाउन ड्यूटी पर मुस्तैद अधिकारी व जवानों द्वारा जिला मुख्यालय एवं अनुविभाग के थानों में बिना मास्क के घूम रहे लोगों तथा बाइक लेकर अनावश्यक बाहर निकले लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रायः लोगों को सुबह के समय मार्निंग वॉक के बहाने निकलते देखा जा रहा है, जिन्हें चौंक-चौराहों पर तैनात जवानों द्वारा जुर्माना के कार्यवाही करने के साथ कड़ी समझाईश दिया जा रहा है। आज भी कई थानाक्षेत्र में सुबह मार्निंग वॉक पर निकले लोगों को प्रभारियों द्वारा कान पकड़वा कर दुबारा अनावश्यक बाहर नहीं निकलने की समझाइश दी गई है। सुबह के बाद शाम तक सड़कों पर केवल आवश्यक सेवाओं में लोगों की आवाजाही रहती है। चौंक पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वैक्सीनेशन व मेडिकल आदि के लिये जा रहे लोगों से पूछताछ कर जाने दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा वैक्सीनेशन तथा मेडिकल के लिए निकले व्यक्तियों की मदद का निर्देश जवानों को दिया गया है। कार्यवाही में लगी टीम शाम को फिर इवनिंग वॉक में निकलने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। पिछले तीन दिनों में जिले के सभी थाना क्षेत्र अन्तर्गत 852 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्यवाही की गई है। जबकि दुपहिया लेकर अनावश्यक बाहर निकले 237 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई है एवं समन शुल्क बतौर जुर्माना वसूल किया गया है, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर यह कार्यवाही लगातार जारी है। बता दें कि जुर्माने की कार्यवाही के साथ ही लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

## वृद्ध मां की सनकी बेटे ने डंडे से पीटकर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**» हत्या को दुर्घटना का रूप देने वृद्ध महिला को गिरने से फौत होना बताया, पीएम रिपोर्ट से हुआ खुलासा**



**सारंगढ़ ।** दिनांक 12.04.2021 को थाना सारंगढ़ अन्तर्गत ग्राम मौहाढोडा में रहने वाली मोदो बाई सांवरा पति स्व. आंनदराम सांवरा उम्र 80 वर्ष को ईलाज के लिये सीएचसी सारंगढ़ में लाया गया था, डॉक्टर द्वारा मोदो बाई को चेक करने पर फौत हो जाना बताने पर अस्पताली तहर्रिर पर थाना सारंगढ़ में मर्ग क्रमांक 43/21 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया।

मर्ग जांच दौरान मृतिका के बेटे नंद गोपाल सांवरा 35 वर्ष द्वारा उसकी मां की मृत्यु गिरने से सिर में चोट लगाने से होना बताया था। शव के पीएम रिपोर्ट पर सिर में आई गंभीर चोंट से अधिक रक्तस्त्राव होने एवं प्रकृति हत्या होना लेख किये जाने पर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक गौरीशंकर दुबे द्वारा संदेह के आधार पर मृतिका के बेटे नंद गोपाल सांवरा से पूछताछ किये, नंद गोपाल पहले कि तरह उसकी मां की मौत गिरने से आई चोट के कारण बताकर पुलिस को गुमराह कर रहा था, जब उससे कड़ी पूछताछ की गई तो उसने अपनी मां की हत्या करना कबूल कर बताया कि उसकी मां मृतिका मोदो बाई सांवरा घर में सुख शांति के लिये कई दिनों से पूजा पाठ कराने के लिये बोल रही थी, मां की बात को अनसुना कर देता था। दिनांक 12.04.2021 को शराब पीये हुआ था, जिसे पर मां कहने लगी कि पूजा कराने कह रही हूं, मान नहीं रहे हो और शराब पीकर गांव में घूम रहे हो। मां की बातों को सुनकर गुस्से में जाओ पूजा नही कराऊंगा कहकर झगडा विवाद किया और डंडा से उसकी मां के सिर में मारकर उसकी हत्या कर दिया। मर्ग जांच में घटना के बाद हत्या को दुर्घटना का रूप देने मृतिका की मौत गिरने से सिर मे चोंट आना कहकर आरोपी द्वारा साक्ष्य छिपाया गया। मर्ग जांच पर से दिनांक 15.04.2021 को आरोपी नंद गोपाल सांवरा के विरूद्ध धारा 302, 201 ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

## इंटर डिस्ट्रिक बार्डर पर बने चेक पोस्ट के निरीक्षण पर पहुंचे एसपी

**» बगैर जांच व ई-पास के वाहनों को जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं देने दिए निर्देश**

**सारंगढ़।** शुक्रवार को सुबह आफिस कार्य के बाद एसपी संतोष सिंह सारंगढ़ अनुविभाग में लॉकडाउन के लिए लगाई गई पुलिस व्यवस्था देखने के लिये रवाना हुये। दोपहर सारंगढ़ पहुंचकर थाना प्रभारी सारंगढ़ के साथ नगर भ्रमण कर चौंक-चौराहों में लगी पुलिस व्यवस्था देखे, इस दौरान जवानों को स्वयं सुरक्षा के उपाय को अपनाने व मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए, उन्होंने बगैर मास्क पर सख्ती से कार्यवाही करने को कहा गया है। भ्रमण दौरान मीडियासाथियों से रूबरू होकर बताये कि जिले से लगने वाले इंटर स्टेट एवं इंटर डिस्ट्रिक बार्डर पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण उनके द्वारा किया जा रहा है। संक्रमण की चैन को तोड़ने लगाये गये लॉकडाउन का पालन कराने जिले के सभी तहसील, विकासखंडों में पुलिस व्यवस्था लगाई गई है, प्रशासन की गाइडलाइन अनुसार जिला पुलिस के साथ नगर पंचायत, राजस्व विभाग के कर्मचारी प्रमुख बेरियर, चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहे हैं, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लॉकडाउन का पूर्णतः पालन करावें, बिना मास्क व अनावश्यक घूम रहे व्यक्तियों पर अधिक से अधिक कार्यवाही हो। उन्होंने बताया कि सारंगढ़ में 06 तथा केडार में 05 व्यक्तियों पर लॉकडाउन का उल्लंघन करने एफआईआर भी दर्ज किया गया है। उनके द्वारा सारंगढ़ थाना प्रभारी को आगे भी इसी प्रकार सख्ती बरतने के निर्देश दिये और लगातार बिना मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग पर कार्यवाही करने कहा गया। सारंगढ़ के बाद केडार थानाक्षेत्र का भ्रमण करते हुये थाना कोसीर अन्तर्गत जिला बलौदाबाजार से लगने वाली ग्राम परसदा बड़े पर बने अंतरजिला बॉर्डर में लगे कर्मचारियों को बगैर ई-पास के किसी भी वाहनों को आने की अनुमति नहीं देने निर्देशित किये तथा कोसीर प्रभारी को गांव में खुले दुकान एवं बिना मास्क घूम रहे लोगों पर कार्यवाही का निर्देश दिये। कोसीर के बाद पुलिस अधीक्षक दल बल के साथ पुलिस चौकी कनकबीरा क्षेत्र अन्तर्गत जिला महासमुंद से लगने वाले बार्डर पर बनाये गये चेक पोस्ट का निरीक्षण किये। चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारियों को किसी भी वाहन को बगैर जांच किये व ई-पास देखे जिले में प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिये। उनके द्वारा चौकी प्रभारी कनकबीरा को लगातार मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में लॉकडाउन का पालन कराने का निर्देश दिया गया है।

## ऑक्सीजन लेवल से तय होता है किन्हें देनी है रेमडेसिवीर

**» 94 से अधिक ऑक्सीजन लेवल वाले मरीज ना करें पैनिक**

**रायगढ़ ।** कोरोना मरीजों के उपचार के लिए रेमडेसिवीर इंजेक्शन की अचानक मांग बढ़ी है। राज्य सरकार ने इसकी किल्लत दूर करने व जरूरतमंद मरीजों तक निर्बाध आपूर्ति के लिए इंजेक्शन की वितरण व्यवस्था अपने हाथों में ले लिया है। इंजेक्शन की सप्लाई सीधे अस्पतालों को की जा रही है जिससे इसकी कालाबाजारी न हो और जिन मरीजों को इसकी आवश्यकता है उन्हें यह आसानी से मिल सके। इन सब के बीच इस इंजेक्शन को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। ताकि लोग रेमेडेसीवीर से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य जान सके।

सीएमएचओ डॉ केसरी ने बताया कि रेमडेसिवीर का इंजेक्शन कोरोना का सीधा उपचार या लाइफसेविंग ड्रग नही है। किन मरीजों को यह इंजेक्शन देना है इसका निर्णय डॉक्टर द्वारा मरीज की स्थिति और ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल को देखकर लिया जाता है। यह गंभीर से अति गंभीर मरीजों में संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए दिया जाता है। हल्के या बिना लक्षणों वाले मरीज को इस इंजेक्शन की जरूरत नही होती है। कई शोध में यह बात भी सामने आयी है कि बिना जरूरत वाले मरीजों को इसे लगाने से उनके लिवर में इसका काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि अभी यह देखने को मिल रहा है कि ऐसे मरीज जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है लेकिन उन्हें कोई लक्षण नही है या बेहद हल्के लक्षण हैं तथा सांस लेने में भी कोई तकलीफ नही है वे भी इस इंजेक्शन को खरीदने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में वास्तविक रूप से जिन मरीजों को अभी तत्काल में इसकी जरूरत है उन्हें यह इंजेक्शन नही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड वायरस के उपचार के लिये ऑक्सीजन थेरेपी के साथ अभी जो दवाइयां दी जा रही हैं उसमें स्टीरॉयड व एंटीबायोटिक का कॉम्बिनेशन है जो हल्के या बिना लक्षणों वाले मरीजों में वायरस के खिलाफ पर्याप्त एंटीबॉडी बनाने में सक्षम है। इसके साथ ही जिंक और मल्टी विटामिन और विटामिन सी का सप्लीमेंट दिया जाता है, जो इम्युनिटी बूस्टर का काम करती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है।

डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ.वेद गिल्ले ने बताया कि कोविड में सांस से जुड़ी दिक्कतें होती है। ऐसे में मरीज के शरीर में ऑक्सीजन का सेचुरेशन लेवल सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी से मरीज के स्थिति की गंभीरता तय होती है। उन्होंने बताया कि अभी मुख्यतः दो वजहों से मरीजों में कॉम्प्लिकेशन बढ़ रहे हैं। पहला इंफ्लमेशन की वजह से जिससे फेफड़ों में समस्या आ रही है। दूसरा खून के नसों में थक्के जमने की वजह से दिक्कत हो रही है। इस स्थिति में रुटीन दवाइयों के साथ हेपरिन (ब्लड थिनर) दिया जाता है जिससे मरीजों की स्थिति में सुधार आया है। इन दवाओं की अभी पर्याप्त आपूर्ति है। रेमडेसिवीर ऐसे गंभीर मरीज जिनका ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 90 से नीचे हो उन्हें ही दिया जाता है। वह भी संक्रमित होने के शुरुआती 7 से 9 दिनों में यह लगे तो ही फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अभी आम धारणा यह बन गयी है कि पॉजिटिव आते ही रेमडेसिवीर लगाने से ही स्थिति में सुधार होगा।

## होम आईसोलेशन पूर्णता प्रमाण-पत्र जिले की वेबसाईट से कर सकते है डाउनलोड

**रायगढ़ ।** कोविड संक्रमित पाये जाने वाले मऐसे मरीज जिनका होम आईसोलेशन में उपचार चल रहा था, वे 17 दिनों के बाद अपना होम आइसोलेशन पूर्णता प्रमाण-पत्र जिला प्रशासन की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रमाण पत्र डाउनलोड करने के लिए raigarh.gov.in में जाना होगा। जिसके पश्चात ड्रापडाउन मेनू में क्लिक कर 'नोटिस' ऑप्शन चुनना होगा। जिससे एक और ड्रॉपडाउन मेनू खुलेगा, उसमें से 'कोरोना संबंधित आदेश' विकल्प पर क्लिक करना होगा। यहां से एक नया पेज खुलेगा जिसमें 'होम आइसोलेशन पूर्णता प्रमाण पत्र' शीर्षक के अंतर्गत तिथिवार मरीजों के पूर्णता प्रमाण पत्र अपलोड किए गए हैं। अपनी होम आइसोलेशन में जाने से लेकर 17 दिन बाद की पूर्णता तिथि पर क्लिक करने पर वह फाइल डाउनलोड हो जाएगी। जिसमें से संबंधित व्यक्ति अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेगा।

**24×7 संचालित है होम आईसोलेशन कंट्रोल रूम –** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ ने होम आइसोलेटेड कोविड मरीज और उनके परिजनों के उचित देखभाल हेतु आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता व परामर्श के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम 24×7 संचालित किया जा रहा है। इसमें 03 पालियों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिनके नंबर्स स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए हैं।

# चपले गौठान को मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने के निर्देश

**» कलेक्टर भीम सिंह ने किया खरसिया ब्लॉक के 4 गौठानों का निरीक्षण**



**रायगढ़ ।** शुक्रवार को खरसिया ब्लाक के अंतर्गत किरीतमाल, चपले, खैरापाली व कुनकुनी गौठान का निरीक्षण कलेक्टर भीम सिंह ने किया। सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल भी इस दौरान साथ रहे। चपले गौठान के कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर सिंह ने मॉडल गौठान के रूप में इसे विकसित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सबसे पहले किरीतमाल गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान गौठान समिति के अध्यक्ष सतपति पटेल से कलेक्टर सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ.मित्तल ने बातचीत की। समिति के अध्यक्ष पटेल ने बताया कि करीब 7 एकड़ भूमि पर एससी प्राधिकरण से 21 लाख की लागत से गौठान का निर्माण कराया गया है। यहां अब तक 94 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बनाया गया, जिसमें से 26 क्विंटल की बिक्री आसपास के किसानों, सोसाइटी आदि को किया गया है। इसी तरह से शेष वर्मी कंपोस्ट के लिए भी स्कूल प्रबंधन, उद्यान और किसानों को बिक्री करने की दिशा में काम किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि गौठान में सब्जी उगाने का कार्य भी चल रहा है। पूर्व में यहां 7 हजार रुपए का आलू बेचा गया था। इस पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.मित्तल ने मल्टी एक्टिविटी के तहत मशरूम उगाने और अन्य कार्य करने के सुझाव दिए। समिति की महिलाओं ने शेड नहीं होने के कारण कार्य करने में परेशानी होने की बात कही, जिस पर कलेक्टर सिंह ने बांस लगाकर कच्चा शेड बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर सिंह, जिला पंचायत सीईओ डॉ.मित्तल, सीईओ जनपद पंचायत सोम सहित अधिकारियों ने चपले गौठान का निरीक्षण किया। गौठान का निर्माण पुराने स्कूल के सामने से लेकर पीछे करीब 12 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में किया गया है। यहां बताया गया कि अब तक 27 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट की बिक्री की गई है। इसी तरह करीब 113 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बनकर तैयार है, जिसकी पैकेजिंग कर बेचने के लिए किसानों और सोसाइटी से संपर्क किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं ने मल्टी एक्टिविटी के तहत साबुन, अगरबत्ती, सर्फ बनाने की बात कही। इस पर कलेक्टर सिंह ने और ज्यादा मात्रा में अगरबत्ती, सर्फ, साबुन बनाने और इसे प्रदर्शनी लगाकर बेचने की बात कही। चपले गौठान में 60 पिट में गोबर और केंचुआ डालकर वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है।

गौठान के क्षेत्र और पूर्व के स्कूल के भवन की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर सिंह ने सीईओ जनपद सोम को चपले को मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर भीम सिंह, जिला पंचायत सीईओ डॉ.मित्तल एवं अधिकारियों ने खैरापाली गौठान का निरीक्षण किया। गौठान मुख्य पहुंच मार्ग से कुछ दूर पर स्थित है। इस पर गौठान से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। गौठान समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां 57 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बनाया गया था, जिसमें से 14 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट की बिक्री की गई है। यहां महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने शेड और पानी की व्यवस्था नहीं होने की बात कही। इस पर कलेक्टर सिंह ने समूह को तत्काल लोन दिलाने के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ.मित्तल को निर्देशित किया। इसी तरह अस्थाई रूप से वर्तमान में शेड बनाने और कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद कुनकुनी गौठान का निरीक्षण किया गया। यहां भी मुख्य मार्ग से गौठान जाने के लिए सड़क की समस्या होने की बात सामने आई। इस पर नरेगा से सड़क निर्माण करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480